# जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला– चूरू (राजस्थान)

दिनांक :–..../...../2022

श्री/श्री................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

..........................................................................................................

निविदा शुल्क रसीद संख्या :– .......................................

दिनांक :– .................................................................

राशि रू. :–..............................................................

विषय :– सत्र 2022–23 के लिए खुली निविदाएं आमंत्रित करने हेतु।

संदर्भ :– दैनिक समाचार पत्र राजस्थान पत्रिका/दैनिक भास्कर में दिनांक 19.06.2022 को प्रकाशित निविदा सूचना क्रमांक प. 3–1/निविदा/जनविसश/2022–23/ दिनांक 18.06.2022 के कम में ।

उपर्युक्त संदर्भ अनुसार जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला–चूरू में सत्र 2022–23 के लिए विद्यार्थियों के उपयोग हेतु निम्नलिखित वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति के लिए अधिकृत/प्रतिष्ठित व अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं एवं सेवादाताओं से मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है :–

विद्यालय द्वारा सत्र 2022–23 के लिये आवश्यकतानुसार सामान की आपूर्ति हेतु प्रतिष्ठित फर्मो एवं अनुभवी आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निम्नलिखित निविदायें आमन्त्रित की ज़ाती है । निविदा प्रपत्र एवं शर्तें कार्यालय समय में दिनांक 20.06.2022 से 09.07.2022 तक प्रातः 10.00 बजे तक कार्यालय समय में प्राप्त की जा सकती है तथा भरी हुई निविदायें दिनांक 09.07.2022 को सायं 04.00 बजे तक स्वीकार की जावेगी तथा दिनांक 11.07.2022 को प्रातः 10.00 बजे विद्यालय कार्यालय में कय सलाहकार समिति द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी ।

| क0 सं0 | वस्तु एवं कार्य का नाम | अनुमानित राशि वार्षिक | धरोहर राशि | सुरक्षा राशि | निविदा प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मैस राशन | 36.00 लाख वार्षिक | 125000.00 | अनुमानित वार्षिक क्रय का 10 प्रतिशत | 500.00 |
| 2 | फल एवं सब्जी | 10.00 लाख वार्षिक | 20000.00 | | 200.00 |
| 3 | नाश्ता सामग्री | 02.00 लाख वार्षिक | 10000.00 | | 200.00 |
| 4 | दैनिक उपयोग सामग्री-तेल, साबुन, टूथपेस्ट, धोने का साबुन आदि | 05.00 लाख वार्षिक | 10000.00 | | 200.00 |
| 5 | छात्र-कार्यालय एवं परीक्षा तथा कला स्टेशनरी | 04.00 लाख वार्षिक | 5000.00 | | 200.00 |
| 6 | दवाईयां | 00.60 लाख वार्षिक | 2000.00 | | 200.00 |
| 7 | विद्युत एवं नल फिटिंग सामग्री | 01.00 लाख वार्षिक | 5000.00 | | 200.00 |
| 8 | भवन निर्माण सामग्री | 05.00 लाख वार्षिक | 20000.00 | | 200.00 |
| 9 | भवन मरम्मत एवं रंगाई पुताई कार्य | 04.00 लाख वार्षिक | 20000.00 | | 200.00 |
| 10 | यूनिफॉर्म धुलाई एवं प्रेस कार्य | 01.00 लाख वार्षिक | 5000.00 | | 200.00 |
| 11 | छात्रों की हेयर कटिंग | 00.50 लाख वार्षिक | 1000.00 | | 200.00 |
| 12 | कैन्टीन (टक शॉप मय पीसीओ) | 00.50 लाख वार्षिक | 5000.00 | | 200.00 |

ह0–

प्राचार्य

जवाहर नवोदय विद्यालय,

सरदारशहर, जिला–चूरू

# धरोहर राशि व निविदा शुल्क जमा का विवरण एवं शर्त सहमति पत्र

## ............................सामग्री आपूर्ति/कार्य हेतु निविदा

**निविदा शुल्क :–**

01. निविदा शुल्क रूपये ......................डिमाण्ड डाफ्ट संख्या .......................... दिनांक ............................ प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला–चूरू के नाम से जारी भारतीय स्टेट बैंक, मैन मार्केट, शाखा–सरदारशहर पर देय संलग्न है ।

02. रसीद संख्या .....................दिनांक ................................ के द्वारा निर्धारित निविदा शुल्क राशि रू. .....................कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जमा करवाकर मैंनें निविदा प्रपत्र प्राप्त किया/किये है ।

**धरोहर राशि :–**

03. धरोहर राशि रूपये ......................डिमाण्ड डाफ्ट संख्या .......................... दिनांक ............................ प्राचार्य, जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला–चूरू के नाम से जारी भारतीय स्टेट बैंक, मैन मार्केट, शाखा–सरदारशहर पर देय संलग्न है ।

**निविदा प्रपत्र में अंकित शर्त संख्या 01 से 30 तक का मैंने/हमने सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है तथा समस्त शर्तें मुझे/हमें मान्य है। विशेषरूप से शर्त संख्या 13 का अवलोकन कर समझ लिया है जिसके लिए मैं अपनी सहमति प्रदान करता हूँ। निविदा प्रपत्र में वर्णित शर्तों के उल्लंघन पर उपर्युक्त जमा धरोहर राशि को जब्त करने का अधिकार निविदाकर्ता को होगा।**

फर्म की निम्न सूचनायें निविदादाता द्वारा आवश्यक रूप से भरी जावे :–

1. फर्म का नाम :– ..........................................................................................
2. बैंक का नाम एवं शाखा :– ..........................................................................................
3. बैंक खाता संख्या :– ..........................................................................................
4. आईएफएससी कोड संख्या :– ..........................................................................................
5. पैन नम्बर :– ..........................................................................................
6. जीएसटी नम्बर :– ..........................................................................................
7. ईमेल आईडी :– ..........................................................................................

निविदादाता के हस्ताक्षर ......................................

निविदादाता का नाम ..............................................

पूर्ण पता.....................................................................

...................................................................

फोन/मोबाइल नं. ...................................................

फर्म की मोहर .........................................................

दिनांक :– ...........................

स्थान :– ...........................

# जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला–चूरू (राजस्थान)
## निविदा एवं संविदा की सामान्य शर्तें 2022–23

JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA SARDARSHAHAR

1. जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर जिला–चूरू की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा छात्र छात्राओं की आवश्यकताओं के अनुसार उपयोग में आने वाली विभिन्न प्रकार की सामग्रियों की आपूर्ति हेतु सत्र 2022–23 के लिये मुहरबन्द निविदायें **दिनांक 09.07.2022, प्रातः 10.00 बजे तक विक्रय कर, दिनांक 09.07.2022 को सांयः 04.00 बजे तक जमा की जा सकेगी** ।
2. निविदा के लिफाफे पर, जिस सामग्री की आपूर्ति के लिए निविदा प्रस्तुत की जा रही है उसका उल्लेख किया जाना अनिवार्य है। उदाहरणार्थ फर्नीचर की निविदा में लिफाफे पर **मैस राशन सामग्री हेतु निविदा" 2022–23** स्पष्टतया लिखा जाना अनिवार्य है।
3. निविदाएं प्राचार्य जनवि, सरदारशहर के कार्यालय में **दिनांक 11.07.2022 को प्रातः 10:00 बजे खोली जायेंगी।**
4. सामग्री आपूर्ति हेतु दरें, निविदा फार्म की शर्तों, जिनका उल्लेख इस निविदा प्रपत्र में किया जा रहा है के अनुसार भरी जानी चाहिए तथा निविदादाता को प्रपत्र की शर्तों पर सहमति हेतु हस्ताक्षर करने होंगे।
5. निविदा में अंकित की गयी दरें समस्त करों जैसे जीएसटी कर, उत्पादन शुल्क तथा अन्य करों सहित एफ. ओ. आर. जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर, जिला–चूरू (राजस्थान) होनी चाहिए।
6. निविदा फार्म साफ–सुथरे ढ़ंग से भरा जाना चाहिए तथा किसी भी प्रकार की कांट–छांट यथासंभव नहीं करें। यदि किसी भी प्रकार का परिवर्तन/संशोधन करना अतिआवश्यक है तो उसे साफ–साफ तरीके से करते हुए परिवर्तन करें तथा किये गए परिवर्तन पर दिनांक सहित हस्ताक्षर कर सत्यापित करें, परन्तु किसी भी दशा में ओवर राइटिंग स्वीकार नहीं की जायेगी।
7. किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है तथा वह न्यूनतम दर प्रस्तुत करने वाली निविदा को स्वीकृत करने के लिए बाध्य नहीं है। अधोहस्ताक्षरी किसी भी निविदा को बिना किसी कारण बताये रद्द कर सकते हैं।
8. **निविदा में स्वीकृत दरें 30.04.2023 तक के लिए तथा एम. एण्ड आर. सम्बन्धित निविदाएं 30 जून 2023 तक मान्य होंगी ।** जिसके आधार पर निविदा स्वीकार होने पर यह निविदादाता व निविदाकर्ता के बीच एक अनुबन्ध हो जाता है, जिसके आधार पर स्वीकृत निविदादाता निविदा की शर्तों के अनुरूप आपूर्ति/कार्य करेगा ।
9. निविदा के साथ जमा करायी जाने वाली धरोहर राशि (अमानत राशि) बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट द्वारा स्वीकार की जाएगी। **बैंक डिमान्ड ड्राफ्ट, प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरदारशहर, जिला–चूरू (राज.) के पक्ष में भारतीय स्टेट बैंक, मैन मार्केट, शाखा–सरदारशहर (शाखा कोड 31140) पर देय होगा**। जिन निविदादाताओं की निविदा स्वीकार नहीं होगी उन्हें धरोहर राशि निविदा की अंतिम स्वीकृति होने की तारीख से एक माह के भीतर लौटा दी जायेगी। यदि निविदादाता धरोहर राशि के भुगतान में छूट चाहता है तो वह संबंधित सरकारी आदेश की सत्यापित छायाप्रति संलग्न करेगा जिसके अंतर्गत संबंधित फर्म धरोहर राशि जमा कराने की छूट हेतु पात्रता रखती है।
10. यदि कोई सरकारी संस्था निविदा प्रस्तुत करना चाहती है तो वे अपने सरकारी विभाग होने का प्रमाण पत्र साथ में संलग्न करें।
11. जिन निविदादाताओं की निविदा स्वीकार हो जाएगी उन्हें कुल अनुमानित क्रय राशि के 10 प्रतिशत के बराबर सुरक्षा राशि जमा करवानी होगी। इस सुरक्षा राशि में उनके द्वारा जमा करवायी गयी धरोहर राशि समायोजित कर दी जाएगी तथा **शेष राशि उन्हें निश्चित अवधि 15 दिवस के अन्दर जमा करवानी होगी** तथा **इस सुरक्षा राशि पर किसी भी प्रकार ब्याज देय नहीं होगा ।**
12. विद्यालय द्वारा स्वीकृत निविदादाता की सुरक्षित जमा राशि अनुबंध समाप्ति की तिथि से कुल छः माह तक सुरक्षा की दृष्टि से रोकी जावेगी। यदि निविदा अनुबंध वर्ष में किसी त्रुटि के कारण से आपूर्ति से किसी प्रकार की हानि विद्यालय को होती हैं तो उस हानि की प्रतिपूर्ति सुरक्षा राशि से की जायेगी अन्यथा **06 माह के बाद अवमुक्त कर दी जायेगी।**
13. निविदा देने वाले व्यक्ति की, जिसकी निविदा स्वीकृत की गयी है को आदेश देने की तारीख में लिखी गई समय अवधि के भीतर विद्यालय को सामग्री की आपूर्ति करनी होगी। यदि अनुमोदित निविदादाता निर्दिष्ट अवधि के भीतर सामग्री भेजने में असफल रहता है तो 07 दिन तक की देरी के लिए **रूपये 500/– प्रतिदिन की दर से पैनल्टी देनी होगी** उसके उपरान्त आपूर्ति न करने पर अधोहस्ताक्षरकर्ता को यह अधिकार होगा कि वह माल की आपूर्ति खुले बाजार से कर ले या निविदा की आपूर्ति/कार्य किसी अन्य व्यक्ति/फर्म को देकर पूरा करवा ले। इस संबंध में अधिक भुगतान की गई राशि की कटौती निविदादाता/अधिकृत आपूर्तिकर्ता की सुरक्षित जमा राशि से की जायेगी। यदि इस संबंध में अधिक भुगतान राशि निविदादाता की जमा सुरक्षित राशि से अधिक होगी तो अधिक भुगतान की भरपाई की जिम्मेदारी भी निविदादाता/अधिकृत आपूर्तिकर्ता फर्म की होगी तथा उसकी **वसूली संबंधित फर्म से की जाएगी तथा ऐसी फर्म को भविष्य के लिए ब्लैक लिस्टेड घोषित कर दिया जाएगा।**
14. यदि किसी सामान की सप्लाई के साथ निर्माता द्वारा कोई भी स्कीम या गिफ्ट सामान दिया जा रहा है तो उस पर क्रेता (विद्यालय) का अधिकार होगा, जिसे आपूर्तिकर्ता द्वारा आपूर्ति के साथ दिया जाएगा।
15. निविदा में दर्शायी गई मात्रा अनुमानित है जिसे निविदा जारीकर्त्ता/प्राचार्य द्वारा आवश्यकता अनुसार बिना कारण बताए घटाया या बढ़ाया जा सकता है।
16. निविदादाता को प्रिन्टेड एम.आर.पी एवं अनुमोदित दर दोनों में से जो भी कम हो का भुगतान किया जाऐगा।
17. प्रिन्टेड एम.आर.पी.(MRP) में जब–जब परिवर्तन होगा तो प्राचार्य को यह अधिकार प्राप्त है कि वो बढ़ी हुई एम.आर.पी.(MRP) का सत्यापन कमेटी के माध्यम से खुले बाजार से करावें और यदि सप्लायर फर्म द्वारा प्रस्तुत की गयी एम.आर.पी.(MRP) दर में कोई अंतर पाया जाता है तो प्राचार्य निविदा करार को निरस्त कर सामग्री अन्यत्र स्थान से आपूर्ति कराकर हानि की भरपाई सप्लायर से करवा सकता है तथा उसके द्वारा जमा करायी गयी सुरक्षा राशि को जब्त कर सकता है।

(इस पेज पर भी निविदादाता अपने हस्ताक्षर आवश्यक रूप से करें) हस्ताक्षर निविदादाता

लगातार पृष्ठ 2 पर

JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA SARDARSHAHAR

18. निविदा फार्म में जिस सामग्री के लिए नमूना मांगा गया है के संबंध में निविदादाता निविदा के साथ या निविदा खुलने के समय मांगा गया नमूना साथ में लायेंगे। यदि निविदादाता द्वारा निविदा खुलने के समय सामग्री का हस्ताक्षरित नमूना प्रस्तुत नहीं किया जाता है तो निविदा को निरस्त कर दिया जाएगा। यदि आपूर्ति की जाने वाली वस्तु कोई मशीन हैं उस दशा में निविदादाता मशीन का स्थापन अधोहस्ताक्षरकर्ता के निर्देशानुसार करेगा तथा उसके संचालित कर दिखायेगा तथा संबंधित कर्मचारियों को उसका निःशुल्क प्रशिक्षण भी देगा।
19. आपूर्ति की गई सामग्री की जाँच अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा या अन्य अधिकृत प्रतिनिधि/कमेटी द्वारा की जायेगी। यदि आपूर्ति की गयी सामग्री स्वीकृत निविदा/आपूर्ति आदेश के अनुसार/विनिर्देशन के अनुसार नहीं पायी गयी तो आपूर्ति को अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित है। निविदादाता स्वयं के खर्चे पर आपूर्ति की गई सामग्री को बदलेगा अथवा वापस ले जाएगा।
20. ऐसी सामग्री जैसे कपड़ा, स्टेशनरी, जूता, चप्पल जिसकी गुणवत्ता की जाँच किसी सरकारी लैब में करवायी जानी है, इस प्रकार की जाँच का व्यय निविदादाता को वहन करना होगा। जाँच ऐजेन्सी का चयन अधोहस्ताक्षरकर्ता द्वारा किया जाएगा।
21. निविदा उन्हीं फर्मों की स्वीकार की जाएगी जो उस विशिष्ट सामग्री का व्यापार करती हों तथा उसके निमित्त फर्म को उस सामग्री के व्यापार करने का प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। उदाहरणार्थ यदि खाद्य सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा प्रस्तुत करनी है तो फर्म को खाद्य सामग्री के व्यापार से संबंधित वैट प्रमाण–पत्र व वैट नम्बर प्रस्तुत करना होगा जिसमें यह स्पष्टतया दर्शाया गया हो कि संबंधित फर्म खाद्य सामग्री के व्यापार हेतु पंजीकृत है।
22. निविदादाता सामग्री को ठीक तरह से पैक करने के लिए जिम्मेदार होगा ताकि उसे जहाज, रेल, सड़क या वायुयान द्वारा साधारण दशा में भेजते समय नुकसान न हो तथा सामग्री अच्छी दशा में नियत स्थान पर प्राप्त की जा सके। किसी भी प्रकार की हानि, नुकसान, टूट–फूट, लीक, सड़क दुर्घटना होने या अन्य कमी की घटना के कारण हुई हानि के लिए निविदादाता/आपूर्तिकर्ता जिम्मेदार होंगे और उस हानि की भरपाई उन्हीं के द्वारा की जायेगी। अधोहस्ताक्षरी इस प्रकार से हुई हानि के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होंगे।
23. आपूर्तिकर्ता फर्म को किये जाने वाले भुगतान के निमित्त **जारी बैंक ड्राफ्ट, आर.टी.जी.एस., एन.ई.एफ.टी. इत्यादि पर होने वाले व्यय संबंधित फर्म द्वारा वहन किये जायेंगे।**
24. विवादास्पद आईटमों के मामले में भुगतान की गई राशि रोकी जा सकती है और विवादास्पद आईटमों का निपटारा अधोहस्ताक्षरी द्वारा अथवा उसके द्वारा नामित कमेटी सदस्य जिसमें एक प्रतिनिधि आपूर्तिकर्ता फर्म का भी होगा, की आपसी सहमति के निर्णय अनुसार होगा।
25. क्रय की जाने वाली वस्तुओं के विशिष्ट विवरण जैसे साईज, मैक, सैम्पल, पेटेन्ट क्वालिटि एवं मात्रा एवं टेण्डर की शर्तें आदि जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर के कार्यालय से कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। इन्हें प्रत्येक निविदादाता अपने निविदा देने से पूर्व देख सकता है या प्राप्त कर सकता है। यदि उसे इन शर्तों या विशेष विवरणों या चित्र आदि के किसी भी भाग के अर्थ के बारे में कोई संदेह हो तो वह निविदा प्रपत्र पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे प्रभारी अधिकारी को संदर्भित करें तथा उसका स्पष्टीकरण प्राप्त करें।
26. यदि निविदा फर्नीचर सप्लाई के लिए है तो निविदादाता प्रत्येक फर्नीचर सामान पर मेटल की प्लेट लगायेंगे जिस पर फर्म का नाम तथा सप्लाई का वर्ष अंकित होगा।
27. इन सामान्य शर्तों के अतिरिक्त विद्यालय द्वारा क्रय की जाने वाली सामग्री की सूची तथा विशिष्ट सामग्री अनुसार शर्तों का विवरण इस निविदा फार्म के साथ संलग्न है।
28. ऐसी सामग्री जिसके निमित्त नमूना भी मांगा गया है निविदादाता द्वारा प्रस्तुत नमूने की कीमत निविदा प्रपत्र के अनुसार भुगतान की जायेगी तथा नमूने पर क्रय सलाहकार समिति के सदस्यों व निविदादाता के हस्ताक्षर होंगे। नमूने को विद्यालय में सुरक्षित रखा जाएगा। नमूना किसी भी दशा में निविदादाता को वापस नहीं दिया जायेगा।
29. नविस, क्षेत्रीय कार्यालय, जयपुर के पत्रांक F.No. 1-2/NVS-JR/F&A/2022-23/BUDGET GUIDELINES/ दिनांक 08.06.2022 एवं पत्रांकः F.No. 21-52/GeM/NVS-JR/SA/2021/ दिनांक 27.10.2021 के अनुसार जैम ( GeM ) पर उपलब्ध सामग्री GeM (Govt. e. Marketing) से ही क्रय की जाएगी।
30. सभी विवादों का न्याय क्षेत्र सरदारशहर, जिला – चूरू (राजस्थान) होगा।

31. <u>निविदादाता निविदा के साथ निम्न प्रमाण–पत्र संलग्न करेंगे :–</u>

अ. आयकर विभाग द्वारा जारी पैन नम्बर व टैन नम्बर की सत्यापित प्रतिलिपि।
ब. निर्धारित धरोहर राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट/बैंकर चैक ।
स. उपकरण फर्नीचर आदि की सप्लाई के लिए निर्दिष्टिकरण तथा छपा हुआ सूची पत्र व अन्य लिखित सामग्री
द. यदि निविदादाता अनुमोदित वितरक है तो संबंधित कंपनियों द्वारा अनुमोदित/अधिकृत वितरक का प्रमाण पत्र।
य. जहां लागू हो, जीएसटी रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र की प्रति।
र. फर्म के बैंक खाते की पास बुक के प्रथम पेज या बैंक खाते के स्टेटमेन्ट की छाया प्रति आवश्यक रूप से संलग्न करें ।

प्राचार्य,
जवाहर नवोदय विद्यालय,
सरदारशहर, जिला – चूरू

इस निविदा प्रपत्र में अंकित शर्त संख्या 01 से 31 तक का मैंने/हमने सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है तथा समस्त शर्तें मुझे/हमें मान्य हैं। विशेषरूप से शर्त संख्या 13 का अवलोकर कर समझ लिया है जिसके लिए मैं अपनी सहमति प्रदान करता हूँ।

निविदादाता के हस्ताक्षर ........................................
निविदादाता का नाम ........................................
पूर्ण पता........................................
........................................

दिनांक : ...........................
स्थानः ...................................

फोन/मोबाइल नं. ........................................
फर्म की मोहर ........................................

JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA SARDARSHAHAR-331401 CHURU

## जवाहर नवोदय विद्यालय, सरदारशहर जिला चूरु (राज.)

### सत्र 2022–23 हेतु भोजनालय सामग्री (राशन) के लिये निविदा प्रपत्र (वैधता 30.04.2023 तक)

विशेष नोट :– निविदादाता इस निविदा फॉर्म में वर्णित ब्राण्ड की ही दरें प्रस्तुत करें अन्य किसी ब्राण्ड की नहीं ।

| क्र0 सं0 | सामग्री का नाम एवं विवरण | Quantity/Brand | Rate (In Rs.) | Per Kg/Pkt |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आटा एगमार्का | Chhapan Bhog | | Per Kg |
| | | Shree Ram | | Per Kg |
| | | Anpurna | | Per Kg |
| 2 | सूजी (एगमार्क) | Best Quality | | Per Kg |
| 3 | बेसन (एगमार्क) | Best Quality | | Per Kg |
| 4 | मैदा (एगमार्क) | Best Quality | | Per Kg |
| 5 | दलिया मोटा दाना (सीयाराम मखमल) | Best Quality | | Per Kg |
| 6 | पोहा / चिडवा (चौड़ा साफ (एगमार्क)) | Best Quality | | Per Kg |
| 7 | चीनी दानेदार उत्तम क्वालिटी | Best Quality | | Per Kg. |
| 8 | सोयाबीन बड़ी | Best Quality | | Per Kg. |
| 9 | मूंग मोगर (बिना पालिश) | Best Quality | | Per Kg |
| 10 | मूंग छिलका (बिना पालिश) | Best Quality | | Per Kg |
| 11 | मलका मसूर (बिना पालिश) | Best Quality | | Per Kg |
| 12 | दाल उड़द छिलका (बिना पालिश) | Best Quality | | Per Kg |
| 13 | उड़द मोगर (बिना पालिश) | Best Quality | | Per Kg |
| 14 | दाल अरहर (बिना पालिश) | Best Quality | | Per Kg |
| 15 | दाल चना (बिना पालिश) | Best Quality | | Per Kg |
| 16 | चावल साबूत परमल | Best Quality | | Per Kg |
| 17 | चावल साबूत बासमती | Best Quality | | Per Kg |
| 18 | चावल बासमती (2 टुकड़ी में) | Best Quality | | Per Kg |
| 19 | काला चना साबुत एगमार्का | Best Quality | | Per Kg |
| 20 | काबुली चना मोटा दाना एगमार्का | Best Quality | | Per Kg |
| 21 | सूखे मटर हरे एगमार्का | Best Quality | | Per Kg |
| 22 | राजमा चित्रा | Best Quality | | Per Kg |
| 23 | रिफाइन्ड सोयाबीन तेल प्रति टिन 15 किलो | Mahakosh (Soya) | | Per Kg |
| | | Fortune Soya | | Per Kg |
| 24 | तेल सरसों तेल प्रति टिन 15 किलो | Netaji | | Per Kg |
| | | Mahakosh | | Per Kg |
| 25 | लाल मिर्च पावडर | MDH | | Discount on MRP |
| | | Ramdev | | Discount on MRP |
| 26 | हल्दी पावडर | MDH | | Discount on MRP |
| | | Ramdev | | Discount on MRP |
| 27 | धनिया पावडर | MDH | | Discount on MRP |
| | | Ramdev | | Discount on MRP |
| 28 | आयोडाइज्ड नमक | Tata | | Discount on MRP |
| | | Aashirwad | | Discount on MRP |
| 29 | गरम मसाला पावडर प्रति 100 ग्राम | MDH | | Discount on MRP |
| | | Ramdev | | Discount on MRP |
| 30 | चना मसाला पावडर प्रति 100 ग्राम | MDH | | Discount on MRP |
| | | Ramdev | | Discount on MRP |

JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA SARDARSHAHAR-331401 CHURU

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 31 | राई दाना एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 32 | जीरा साबुत मशीन कट एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 33 | अजवाइन एगमार्का | **Best Quality** | | Per kg |
| 34 | सौंफ | **Best Quality** | | |
| 35 | बोर्नवीटा | **Cadbury** | | Discount on MRP |
| 36 | कसूरी मेथी | **MDH** | | Discount on MRP |
| | | **Ramdev** | | Discount on MRP |
| 37 | लाल मिर्च साबुत | **Best Quality** | | Per Kg |
| 38 | काली मिर्च साबुत | **Best Quality** | | Per Kg |
| 39 | हरी इलायची छोटी | **Best Quality** | | Per Kg |
| 40 | चायपती एगमार्का | Tata Tea Agni | | Discount on MRP |
| | | Red Label | | Discount on MRP |
| 41 | अचार (तेल आधारित) मिश्रित (5 किलोग्राम पैकिंग्र में) | **Nilons** | | Per Kg |
| | | **Tops** | | Per Kg |
| 42 | नारियल पाउडर (बुरादा) एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 43 | मूंग पापड़ (तेज मशाला एवं उत्तम क्वालिटी) | **Bikaji** | | Per Kg |
| | | **Lijjat** | | Per Kg |
| 44 | काजू टुकड़ी एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 45 | काजू साबूत एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 46 | किशमिश एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 47 | पिस्ता फ्रायड एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 48 | इमली | **Best Quality** | | Per Kg |
| 49 | गुड़ लड्डू | **Best Quality** | | Per Kg |
| 50 | मूंगफली दाना मोटा | **Best Quality** | | Per Kg |
| 51 | मूंगफली भुनी हुई साबुत | **Best Quality** | | Per Kg |
| 52 | सेवईयां बारीक | **R Pure Babino** | | Per Kg |
| 53 | मीठा बिस्किट ग्लूकॉज | **Parle G** | | Discount on MRP |
| | | **Priya gold** | | Discount on MRP |
| | | **Britania** | | Discount on MRP |
| 54 | मीठा बिस्किट क्रीम (छोटी पैकिंग में) | **Parle G** | | Discount on MRP |
| | | **Priya gold** | | Discount on MRP |
| | | **Britania** | | Discount on MRP |
| 55 | नमकीन बिस्किट | **Monaco** | | Discount on MRP |
| | | **Britania** | | Discount on MRP |
| 56 | बीकानेरी भुजिया बारीक | **Haldi Ram** | | Per Kg |
| | | **Bikaji** | | Per Kg |
| 57 | विम बार टिकिया 500 ग्राम | **Vim** | | Discount on MRP |
| 58 | बर्तन धोने का पाउडर बडी पैकिंग में | **Wheel** | | Discount on MRP |
| | | **Vim** | | Discount on MRP |
| 59 | डिटर्जेन्ट पाउडर | **Nirma** | | Discount on MRP |
| | | **Wheel** | | Discount on MRP |
| 60 | हिंग एगमार्का 100 ग्राम | **Ramdev** | | Discount on MRP |
| 61 | वनस्पति घी एगमार्का | **Ashoka/Scooter** | | Discount on MRP |
| 62 | देशी घी सरस | **Saras** | | Discount on MRP |
| 63 | जलजीरा | **Best Quality** | | Per Pkt |
| 64 | तेज पत्ता | **Best Quality** | | Per Kg |
| 65 | माचिस पूडा | **Best Quality** | | Per Pkt |
| 66 | पावभाजी मसाला प्रति 100 ग्राम | **Best Quality** | | Per Pkt |
| 67 | टमाटर सॉस | **Kissan** | | Per Kg |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 68 | जैम किसान | **Kissan** | | Per Kg |
| 69 | कॉफी पाउडर नैसकैफे प्रति 100 ग्राम | **Best Quality** | | Per 100 gm. |
| 70 | काला नमक | **Best Quality** | | Per Kg |
| 71 | पानी बोटल | **Bisleri 01 Ltr.** | | Per Litre |
| 72 | पानी बोटल | **Bisleri 500 ml.** | | Per 500 ml |
| 73 | बादाम गिरी साबूत एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 74 | गरम मसाला साबुत | **Best Quality** | | Per Kg |
| 75 | मीठा सौडा एगमार्का | **Best Quality** | | Per Kg |
| 76 | पेपर नेपकीन | **Best Quality** | | Per Pkt |
| 77 | कास्टिक सोडा | **Best Quality** | | Per Kg |
| 78 | डिस्पोजल सामान बेस्ट क्वालिटी | भोजन थाली स्टील कलर | | Per 50 Pcs. |
| | | डोना स्टील कलर | | Per 50 Pcs. |
| | | चाय गिलास | | Per 50 Pcs. |
| | | पानी गिलास | | Per 50 Pcs. |
| | | प्लेट स्टील कलर | | Per 50 Pcs. |
| | | चम्मच स्टील कलर | | Per 50 Pcs. |

निविदादाता के हस्ताक्षर

JAWAHAR NAVODAYA VIDYALAYA SARDARSHAHAR-331401 CHURU

<u>सूखे राशन हेतु निविदा की शर्तें:-</u>

1. ब्राण्डेड सामग्री के अतिरिक्त अन्य सामग्री के नमूने पारदर्शी प्लास्टिक की जिप थैली में जिस पर निविदादाता का नाम, पता एवं दर परमानेन्ट मार्कर से लिखी हो, निविदा के साथ अथवा निविदा खुलने के समय प्रस्तुत करने होंगें ताकि गुणवत्ता के आधार पर निर्णय लिया जा सके। दालें बिना पॉलिश की हुई होनी चाहिए।

2. सूखा राशन दिये गये मार्का के अनुसार ही स्वीकार किया जायेगा। नमुना प्रस्तुत करने पर ही निविदा दरों पर विचार किया जायेगा। नमूने के अभाव में निविदा को निरस्त किया जा सकता है। निविदा फार्म में दिए गए मार्का के अनुसार ही दरें स्वीकार की जायेंगी। अन्य कोई मार्का निविदादाता की ओर से दिए जाने पर स्वीकार्य नहीं होगा।

3. सामान की गुणवत्ता निविदा की शर्तों के अनुसार/स्वीकृत गुणवत्ता के अनुसार सप्लाई नहीं करने पर सामान वापस कर दिया जायेगा जिसके लिये निविदा दाता स्वयं जिम्मेदार होगा।

4. सभी वस्तुओं का वजन (नेट वेट) लिया जायेगा तथा खाली वारदाना वापस नहीं किया जायेगा। खाली बारदाना विद्यालय का होगा।

5. उपरोक्त किसी भी सामग्री पर किसी तरह की कम्पनी की तरफ से कोई भी स्कीम/छूट होगी तो वह विद्यालय की होगी अगर कोई स्कीम किसी वस्तु नकद ऑफ की होगी तो वह बिल में से काट कर बिल तैयार किया जायेगा।

6. इस निविदा को भरने के लिये निविदादाता/फर्म को जी.एस.टी., टिन नम्बर, लाईसेंस व आयकर का प्रमाण पत्र साथ में संलग्न करना होगा।

7. बिना चालान/बिल कोई भी सामान स्वीकार नहीं किया जायेगा। मैस खाद्य सामग्री का सामान उतारने की जिम्मेदारी एवं विद्यालय में मैस स्टोर तक पहुंचाने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगीं। अगर किसी सामान की सप्लाई रद्द होने पर वापस ले जाने की जिम्मेदारी स्वयं फर्म की होगी।

8. आपूर्ति का समय विद्यालय में प्रातः 9 बजे से सांय 4 बजे तक होगा। पैकिंग सामग्री बडी पैकिग में देनी होगी। विद्यालय की मांग के अनुसार खाद्य सामग्री की आपूर्ति करनी होगी।

9. धरोहर राशि के रूप में 1,25,000/- रू. का डिमान्ड ड्राफ्ट जो प्राचार्य जवाहर नवोदय विद्यालय सरदारशहर के नाम से जो स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, सरदारशहर में देय हो, संलग्न करना होगा।

10. ये दरें दिनांक 30.04.2023 तक मान्य होगी ।

मैंने निविदा प्रपत्र में वर्णित एवं संलग्न सभी शर्तों एवं नियमों का सावधानीपूर्वक अध्ययन कर लिया है तथा मैं उन्हें पूर्ण रूप से स्वीकार करता हूं।

दिनांक :- ..........................................

निविदादाता के ____________________

निविदादाता का नाम____________________

<u>संलग्नक -</u>

पूर्ण पता____________________

____________________

डिमाण्ड ड्राफ्ट नं.......................................

फोन ____________________

दिनांक.......................................

राशि रू0 1,25,000/-

फर्म की मुहर____________________